Seventeenth Loksabha

>

Title: The Speaker made reference to the passing away of legendary singer Lata Mangeshkar, Bharat Ratna Awardee and former Rajya Sabha Member. He further made references to teh passing away of Shri Gajanan D. Babar, Member of the Fifteenth Lok Sabha; and Shri C. Janga Reddy, Member of the Eight Lok Sabha.Thereafter, members stood in silence for a short while as a mark of the respect to the memory of the departed souls.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अत्यंत दुःख के साथ मैं सदन को राज्य सभा की पूर्व माननीय सांसद एवं 'भारत रत्न 'लता मंगेशकर जी के निधन के बारे में सूचित कर रहा हूँ । देश और दुनिया भर में सुरों की मलिका के रूप में प्रसिद्ध लता मंगेशकर जी का देहावसान दिनांक 6 फरवरी, 2022 को मुंबई में 92 (बानवे) वर्ष की अवस्था में हुआ । स्वर-कोकिला के नाम से विश्वविख्यात लता मंगेशकर जी ने लगभग सभी भारतीय भाषाओं में 25 हजार से अधिक गीत गाए । उनकी विलक्षण प्रतिभा को उनके जीवन पर्यन्त विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया ।

लता जी द्वारा राष्ट्र के प्रति किए गए उनके योगदान को देखते हुए वर्ष 2001 में उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान `भारत रत्न` प्रदान किया गया । फिल्म जगत से जुड़े अनेक पुरस्कारों के अतिरिक्त वर्ष 1969 में उन्हें पद्म भूषण, वर्ष 1989 में दादा साहेब फाल्के सम्मान और वर्ष 1999 में पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया । साथ ही, फ्रांस ने वर्ष 2009 में उन्हें अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया । नवम्बर, 1999 से नवम्बर, 2005 तक उन्होंने राज्य सभा के मनोनीत सदस्य के रूप में राष्ट्र को अपनी सेवाएं प्रदान की । "भारत की स्वतंत्रता के स्वर्ण जयंती" के अवसर पर संसद भवन के ऐतिहासिक केन्द्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में गाया उनका गीत `सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा` हम सभी के स्मृति पटल पर सदा के लिए अंकित है ।

सेवाभावी लता जी ने `लता मंगेशकर मेडिकल फाउंडेशन` की स्थापना की । इस पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से समाज के सभी वर्ग के रोगियों को निःशुल्क मेडिकल सेवाएं प्रदान की जाती हैं । उन्होंने विद्यार्थियों की सहायता एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए अपने पिता की स्मृति में `मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान` की भी स्थापना की । उनके निधन से संगीत, कला और संस्कृति जगत को अपूरणीय क्षति हुई है । राष्ट्रीय शोक की इस घड़ी में मैं अपनी ओर से तथा सभा की र से दिवंगत पुण्यात्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा शोक संतप्त परिजनों एवं उनके प्रशंसकों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं ।

माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे दो पूर्व साथियों के दुखद निधन के बारे में भी सूचित करना है ।

श्री गजानन डी. बाबर महाराष्ट्र के मावल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 15वीं लोक सभा के सदस्य थे । वे शहरी विकास संबंधी समिति के सदस्य थे । इससे पहले, श्री बाबर दो कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य भी रहे । श्री गजानन डी. बाबर जी का निधन 78 वर्ष की आयु में 2 फरवरी, 2022 को पुणे में हुआ ।

श्री सी. जंगा रेड्डी जी अविभाजित आंध्र प्रदेश के हनमकोन्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

वे सभा पटल पर रखे गए पत्रों संबंधी समिति के सदस्य रहे । श्री जंगा रेड्डी जी तीन कार्यकाल के लिए आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे । श्री सी. जंगा रेड्डी का निधन 86 वर्ष की आयु में 5 फरवरी, 2022 को हैदराबाद में हुआ ।

हम आदरणीय लता मंगेशकर जी एवं अपने दो पूर्व साथियों श्री गजानन डी. बाबर जी और श्री सी. जंगा रेड्डी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती है ।

अब यह सभा दिवगंत आत्माओं के सम्मान में मौन खड़ी रहेगी ।

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष : ओम शांति: शांति: शांति: ।

***WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS**

(Starred Question Nos. 61 to 80

Unstarred Question Nos. 691 to 920)

(Page No. 12 to 735)

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही आज पांच बचे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

16.06 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Seventeen of the Clock.

17.00 hrs

The Lok Sabha reassembled at Seventeen of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair)*